Email: directoracad.cbse@nic.in
Webite: www.cbseacademic.in

Tel: 011-23212603
Tele Fax: 011-23234324

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
शिक्षासदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली-110002.

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

*(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)*
**"ShikshaSadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002.**

**के.मा.शि.बो./नि. (शै.अ.प्र.न.)/2014** **दिनांक: 24 अक्टूबर, 2014**
**परिपत्र संख्या-शैक्षणिक. 38/2014**

**के.मा.शि.बो. से संबद्ध**
**सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए**

**विषय: राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में 31 अक्टूबर, 2014 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजन**

**प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सदैव छात्रों के चहुँमुखी विकास की परिकल्पना करता है। सरदार पटेल की जयंती पर देशभर में बड़े पैमाने पर 31 अक्टूबर, 2014 को सभी बोर्डों एवं सभी कक्षाओं के छात्रों को सामूहिक गतिविधियों में शामिल करने की योजना बनाई गई है। यह गतिविधियाँ किसी भी कार्य के स्थायित्व में एकता के महत्त्व का संदेश देने के लिए सहयोगात्मक प्रयास को शामिल करेंगी।

**सामूहिक गतिविधियों का प्रयोजन?**

सामूहिक गतिविधियों का आयोजन हमें हमारे देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए वास्तविक और संभावित खतरों का सामना करने के लिए हमारे राष्ट्र की अंतर्निहित शक्तियों एवं लचीलेपन की पुष्टि का एक अवसर प्रदान करता है।

यह अवसर सभी विद्यालयी छात्रों को एकता, सुरक्षा और सतर्कता के संदेश प्रेषित करता है। इस घटना के माध्यम से देशभर के छात्र इस संदेश को आगे बढ़ाएंगे। वे सभी छात्र **एकता, सुरक्षा एवं सतर्कता के एक प्रतिनिधि** के रूप में कार्य करेंगे।

लगभग 350 चयनित केन्द्रों को भी पास-पड़ोस के विद्यालयों के छात्रों में इस संदेश को प्रसारित करने के लिए अलग से शामिल किया जाएगा।

**इस अवसर पर निम्नांकित गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी:**

**प्रात:कालीन सभा:**

1. **राष्ट्रीय एकता दिवस की प्रतिज्ञा/शपथ:** सभी विद्यालय के छात्रों से राष्ट्रीय एकता दिवस की प्रतिज्ञा लेने का अनुरोध किया जा सकता है (द्विभाषित प्रति-अनुसंलग्नक 'ए')
2. **एकता के लिए दौड़:** प्रतिज्ञा करने के बाद छात्र मैदान का चक्कर लगा सकते हैं या खेल के मैदान को एकता के लिए दौड़ से चिह्नित कर सकते हैं। इस संदर्भ में, छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखना चाहिए।
3. उपर्युक्त के अतिरिक्त, CBSE ने देश भर के विद्यालयों में 350 केन्द्र सह-समन्वयक नियुक्त किए हैं। यह सूची www.cbseacademic.in पर तथा फेसबुक पृष्ठ पर अपलोड की गई है। प्रत्येक केन्द्र पर **31 अक्टूबर, 2014** को पास-पड़ोस के विद्यालयों से **400-500 छात्र** बड़े पैमाने पर होने वाली अन्य गतिविधियों के लिए एक साथ एकत्रित होंगे।
   1.1. **प्रत्येक केन्द्र** की गतिविधियाँ, सामूहिक रूप से पोस्टर निर्माण, जिंगल्स, पेंटिंग, कोलाज़, ऐसे विषयों पर सामूहिक वाद-विवाद पर केंद्रित होंगी जो कि संयुक्त योजना और संपादन में निहित होंगी। केंद्र समन्वयक स्वदेशी खेलों का भी आयोजन कर सकते हैं।
   1.2. गतिविधियों में सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने जैसे किसी भी कार्य को बनाए रखने में एकता के महत्त्व के संदेश को प्रेषित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयास को सम्मिलित किया जा सकता है।

1.3. एकता और अखंडता के विषय एकीकृत करने वाले भाषाओं, नदियों, परंपराओं एवं घटनाओं जैसे त्यौहारों, राष्ट्रीय प्रतीकों, व्यक्तिगत प्रयास एवं राष्ट्रीय विकास के मध्य संबंध पर आधारित होंगे।

1.4. सुरक्षा एवं सतर्कता के विषय, विविध घटकों के योगदान (जिसमें साहस, वीरता और उत्कृष्टता की कहानियाँ होंगी) राष्ट्रीय सुरक्षा में व्यक्तिगत एवं सामूहिक योगदान का महत्त्व, सभी के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना, ऑनलाइन सुरक्षा के उपाय इत्यादि जैसे विचारों पर आधारित होंगे।

2. प्रधानाचार्य/विशेष अतिथि छात्रों को इस विषय में संबोधित कर सकते हैं।
3. समारोह/उत्सव के समापन पर NCC और अन्य उपयुक्त निकायों द्वारा मार्च पास्ट भी कराया जा सकता है।
4. यह कार्यक्रम सामूहिक 'राष्ट्र गान' के साथ समाप्त हो सकता है।
5. सरदार पटेल के जीवन एवं योगदान पर आधारित एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी भी 31 अक्टूबर, 2014 को 10:30 बजे **राष्ट्रीय एकता दिवस** पर 100 अन्य केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।

**अपेक्षित परिणाम**

**उपर्युक्त के परिणाम स्वरूप निम्नांकित नतीजे अपेक्षित हैं:**

1. छात्र आगे प्रसार के लिए संदेश को ले जाएँगे। वे एकता, अखंडता, सुरक्षा एवं सतर्कता के राजदूत के रूप में कार्य करेंगे।
2. देशभर में इस संदेश को प्रसारित करने के लिए बड़ी संख्या में केन्द्रों को शामिल किया जाएगा।
3. विविध गतिविधियों एवं सुझावों के दस्तावेज़ों और रिपार्टों का प्रकाशन इन घटनाओं के परिणामस्वरूप प्रकाशित किया जाएगा। चयन एवं मूल्यांकन भी किया जाएगा।
4. ये छात्र सहक्रियाशील प्रयासों के महत्त्व को समझने में सक्षम होंगे और इस बात की सराहना कर सकेंगे कि मानवीय क्रियाओं में संयुक्त प्रयास का प्रभाव व्यक्ति परक प्रयासों के योग से अधिक होता है।

आप इस बात की सराहना करेंगे कि हमें विद्यालयी जीवन में ही हमारे सभी बच्चों के बीच **एकता, अखंडता, सुरक्षा एवं सतर्कता** की भावना को फैलाने की आवश्यकता है ताकि प्रत्येक बच्चा इन मूल्यों को समझे।

**रिपोर्टिंग**

1. CBSE द्वारा इस गतिविधि को संचालित करने के लिए देशभर के 350 से भी ज्यादा केन्द्र बनाए गए हैं और ऐसे प्रत्येक केन्द्र के लिए एक केन्द्र समन्वयक है। CBSE की वेबसाइट (www.cbseacademic.in) पर राज्य वार केन्द्र समन्वयकों के नाम, उनके मोबाइल नंबर तथा ईमेल आईडी के साथ दिए गए हैं। आपके राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश में स्थित किसी अन्य बोर्ड से संबंधित विद्यालय यदि किसी भी रूप से भाग लेना चाहें, तो उनका सुस्वागत है।
2. हम इस राष्ट्रीय प्रयास और उसकी गतिविधियों के लिए आपके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में सुनने के लिए तत्पर हैं। यदि आपने राष्ट्रीय एकता दिवस में बच्चों को शामिल करने के लिए नवीन गतिविधियों को अपनाया है तथा एकता, अखंडता, सुरक्षा एवं सतर्कता के अच्छे संदेश को आत्मसात करने में उनकी सहायता की है, तो कृपया इसकी रिपोर्ट लिंक Rashtriya Ekta Diwas – National Unity Day – 31st October 2014 पर हमारे साथ साझा करें।

2.1. आप, **सरदार वल्लभ भाई पटेल या एकता के लिए दौड़-इन लिंकों** पर सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों के साथ घटनाओं के फोटोग्राफ अपलोड कर सकते हैं। ये लिंक 31 अक्टूबर, 2014 को एक्टिवेट हो जाएँगे।

2.2. भेजी गई प्रविष्टियों के प्रत्येक पृष्ठ पर छात्र का नाम, कक्षा और विद्यालय का नाम पते के साथ लिखा गया होना चाहिए वरना उसे निरस्त कर दिया जाएगा।

किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए आप शिक्षा अधिकारी से 011-23231067/23212603 पर अथवा उपनिदेशक से 011-23237779/23220154 पर संपर्क कर सकते हैं। आप अपनी पूछताछ के लिए cbseoutreach@gmail.com पर ईमेल भी कर सकते है।

बोर्ड इस अवसर पर आपकी सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा करता है।

भवदीया

**हस्ताक्षरित/-**

**डॉ. साधना पाराशर**

**निदेशक (शैक्षणिक/अनुसन्धान/प्रशिक्षण एवं नवाचार)**

**निवेदन के साथ, सभी निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना देने के लिए प्रतिलिपि:**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इन्सटिट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4. निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6. निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7. शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8. राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।
9. केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10. सभी क्षेत्रीय निदेशक। के.मा.शि.बो. के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति भेजने के अनुरोध के साथ।
11. सभी एसोसिएट प्रोफेसर एवं अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
12. सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/अप निदेशक/सह-निदेशक, वोकेशलन सेल, के.मा.शि.बो.
13. के.मा.शि.बो. की वेबसाइट पर इस परिपत्र को अपलोड करने के अनुरोध के साथ अनुसंधान अधिकारी (तकनीकी)
14. सभी सहायक प्रोफेसर एवं अपर निदेशक, के.मा.शि.बो.
15. सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
16. उप निदेशक (परीक्षा एवं सुधार), के.मा.शि.बो.
17. असिस्टेंट लाइब्रेरियन, के.मा.शि.बो.
18. जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
19. हिंदी अधिकारी, के.मा.शि.बो.
20. अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
21. सचिव, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
22. परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के अनुभाग अधिकारी
23. निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
24. प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक/अनुसन्धान/प्रशिक्षण एवं नवाचार), के.मा.शि.बो. के निजी सहायक
25. निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के निजी सहायक
26. निदेशक (एडुसैट) के निजी सहायक

**प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक/अनुसन्धान/प्रशिक्षण एवं नवाचार)**